# निठारी हत्याकांड: सुरेंद्र कोली को बरी का आदेश

नई दिल्ली , (विसं)। वर्ष 2006 के सनसनीखेज निठारी हत्याकांड का एकमात्र दोषी सुरेंद्र कोली अब आजाद है, क्योंकि मंगलवार को उच्चतम न्यायालय ने उसे इस तरह के आखिरी मामले में आरोपों से बरी कर दिया और आदेश दिया कि अगर किसी अन्य मामले में उसकी आवश्यकता न हो, तो उसे तुरंत रिहा किया जाए।

निठारी हत्याकांड का यह 13वां मामला था, जिसमें कोली को बरी किया गया। उसे पहले ही 12 अन्य संबंधित मामलों में बरी किया जा चुका है।निठारी हत्याकांड का खुलासा 29 दिसंबर, 2006 को नोएडा के निठारी में व्यवसायी मोनिंदर सिंह पंढेर के घर के पीछे एक नाले से आठ बच्चों के कंकाल मिलने के साथ हुआ था। उस समय



कोली पंढेर के घर में घरेलू सहायक था। निठारी में 15 वर्षीय लड़की के कथित बलात्कार और हत्या से संबंधित मामले में कोली की दोषसिद्धि को चुनौती देने वाली सुधारात्मक याचिका को स्वीकार करते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा कि आपराधिक कानून अनुमान या पूर्वधारणा के आधार पर दोषसिद्धि की अनुमति नहीं देता है।पुनर्विचार याचिका सहित अन्य सभी विकल्पों का उपयोग करने के बाद किसी पक्ष के लिए उपलब्ध अंतिम कानूनी सहारा सुधारात्मक याचिका होती है।

प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने कहा कि निठारी में हुए अपराध जघन्य थे और परिवारों की पीड़ा अथाह थी। पीठ ने कहा, यह अत्यंत खेद की बात है कि लंबे समय तक की गई जांच के बावजूद, वास्तविक अपराधी की पहचान इस तरह से स्थापित नहीं हो सकी है, जो कानूनी मानकों को पूरा करे।

न्यायालय ने कहा कि संदेह, चाहे कितना भी गंभीर क्यों न हो, उचित संदेह से परे सबूत का स्थान नहीं ले सकता, तथा न्यायालय वैधता के स्थान पर आसान समाधान को प्राथमिकता नहीं दे सकते। पीठ ने कहा, निर्दोष होने की धारणा उस समय तक बनी रहती है जब तक अपराध साबित न हो जाए, और यह साबित होना चाहिए स्वीकृत और विश्वसनीय साक्ष्य के माध्यम सेअ और जब साक्ष्य विफल हो जाते हैं, तो केवल वैध परिणाम यह है कि सजा को रद्द कर दिया जाए, भले ही मामला भयानक अपराध से संबंधित ही क्यों न हो। पीठ ने कहा, जब जांच समय पर, पेशेवर तरीके से और संवैधानिक मानकों के अनुसार की जाती है, तो सबसे कठिन रहस्यों को भी सुलझाया जा सकता है और कई अपराधों को शुरुआत में ही हस्तक्षेप से रोका जा सकता है।

## यातायात पुलिस ने किया मलिक रेड्रिक्स अस्पताल के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

नई दिल्ली , (वीअ)। दिल्ली यातायात पुलिस ने अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के कल्याण हेतु 11 नवंबर 2025 को सुबह 9:00 बजे से मलिक रेड्रिक्स अस्पताल, निर्माण विहार, दिल्ली के सहयोग से एक नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया। यह शिविर डीसीपी यातायात कार्यालय परिसर, अशोका पुलिस लाइन्स, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य पुलिसकर्मियों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता और निवारक स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देना है, जो अक्सर कठिन और तनावपूर्ण परिस्थितियों में अपना कर्तव्य निभाते हैं। मलिक रेड्रिक्स अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम ने रक्तचाप, रक्त शर्करा, कोलेस्ट्रॉल, ईसीजी, बीएमआई और नेत्र जाँच सहित व्यापक चिकित्सा जाँच की, साथ ही व्यक्तिगत परामर्श और परामर्श सत्र भी आयोजित किए। शिविर का उद्घाटन राजीव रावल, डीसीपी/यातायात, नई दिल्ली रेंज ने किया, जिन्होंने अस्पताल की पहल की सराहना की और पुलिसकर्मियों के बीच स्वास्थ्य और कल्याण के महत्व पर ज़ोर दिया। उद्घाटन के दौरान अधिकारी ने कहा, ठहमारे बल की शारीरिक और मानसिक फिटनेस अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस तरह की पहल न केवल स्वास्थ्य समस्याओं का जल्द पता लगाने में मदद करती है।

## दिल्ली विस्फोट के बाद स्थानीय लोगों ने भयावह मंजर को किया बयां

नई दिल्ली , (वीअ)। राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले के नजदीक सोमवार शाम को हुए धमाके के बाद आसपास क्षत विक्षत शव पड़े थे। शवों के अंग निकटवर्ती जैन मंदिर तक बिखरे नजर आये और इसकी वजह से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई।

दिल्ली के सर्वाधिक भीड़भाड़ वाले और ऐतिहासिक इलाके में हुए इस विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए।चांदनी चौक में बैग बेचने वाली करमजोत ने विस्फोट के कुछ ही पल बाद मची अफरा-तफरी को याद करते हुए कहा, मैने लाल किले की तरफ से बड़ी संख्या में लोगों को अपनी ओर दौड़ते देखा और हर कोई चीख रहा था। मै गुरुद्वारे की तरफ भागी और माहौल के शांत हो जाने तक वहां शरण ली। जैन मंदिर स्पोर्ट्स क्लब के एक कर्मचारी जेपी मिश्रा ने बताया कि आपातकालीन दलों के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोग घायलों की मदद के लिए दौड़ पड़े थे। उन्होंने कहा, जब मैं घटनास्थल पर पहुंचा तो मैंने हर जगह क्षत-विक्षत शव देखे। शरीर के कुछ अंग तो मेरे पैरों के नीचे भी आ गए। जैन मंदिर के पास रहने वाली प्रत्यक्षदर्शी कर्मायता देवी (45) ने बताया कि उनका परिवार पूरी रात सो नहीं पाया। उन्होंने कहा, ऐसा लगा जैसे भूकंप आ गया हो और चारों तरफ पड़े शव देखकर मेरा 15 साल का बेटा डर गया। लाल किले के पास रहने वाली 10-वर्षीय प्रिया ने बताया कि धमाका इतना जोरदार था कि उसके घर की छत के कुछ हिस्से में सीमेंट भी उखड़ गया। उसने मासूम आवाज में कहा, आज हमारा स्कूल बंद है। हम पूरी रात सो नहीं पाए। मैंने इतना तेज धमाका पहले कभी नहीं सुना। इस बीच दुकानदारों को इस बात की चिंता सताने लगी है कि उन्हें अगले कुछ महीनों तक धमाके का नुकसान उठाना पड़ सकता है। विस्फोट स्थल के पास वाली गली में दुकान चलाने वाले चंदन ने उस भयावह घटना को याद करते हुए कहा, हम दुकान पर थे तभी हमने एक तेज आवाज सुनी। हमने पांच मिनट तक इंतजार किया, लेकिन जैसे ही हमने सुना कि यह बम विस्फोट है, हमने अपनी दुकान बंद कर दी और अपने घर चले गए।

## पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आएगा

नोएडा, (वीअ)। भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक जिला नोएडा महानगर व उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को ईमेल के माध्यम से पत्र लिखकर कहा कि हमारे देश में आए दिन कोई न कोई बड़े हमले पाकिस्तान द्वारा करवाए जा रहे हैं। इसमें निर्दोष बेकसूरों लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। पाकिस्तान कभी भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आएगा हमें ज़रूरत है अब ऑपरेशन सिन्दूर पार्ट 2 करने की।



प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने प्रधानमंत्री को कहा कि जिसका पति जिसका बाप चला जाता है, उस परिवार से पूछे इकलौते वारिस चले गए हैं। उन पर क्या बीती होगी , वो सारी उम्र क्या से अपने जीवन का गुज़ारा कैसे करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि चाहे आप हमारे टैक्स बढ़ा दीजिए हमें उएऊ कम नहीं करवानी हमें पेट्रोल डीज़ल सस्ता नहीं करवाने आप कृपया करके कुछ ऐसा ठोस क़दम उठाए जिससे पाकिस्तान का जड़ से ही विनाश हो जाए और हमें कभी भी इन आतंकवादियों का सामना न करना पड़े।

## 2 हथियारबंद आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली , (वीअ)। दिल्ली उत्तर-पूर्वी जिला थाना क्षेत्र नंद नगरी की पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो हथियारबंद अपराधियों को गिरफ्तार किया है आरोपियों के पास से एक देसी पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। भोपुरा बॉर्डर पर नियमित चेकिंग के दौरान, सहायक उपनिरीक्षक इंद्रवीर, कांस्टेबल रोहन और कांस्टेबल हेमंत की पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों को देखा जोकि पुलिस चेकिंग देखकर यू-टर्न लेकर भागने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस टीम ने उनका पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। आरोपियों की तलाशी के दौरान, उनके पास से एक देसी पिस्तौल और दो ज़िंदा कारतूस बरामद हुए।

## बीड़ी देने से मना किया तो चाकू घोंपा

नई दिल्ली , (वीअ)। पूर्वी दिल्ली के पांडव नगर में कथित रूप से बीड़ी देने से इनकार करने पर एक व्यक्ति को चाकू मारने को लेकर 16 वर्षीय एक किशोर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।यह घटना सोमवार सुबह तब सामने आई जब आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहन (ईआरवी) की टीम को नोएडा लिंक रोड पर झाड़ियों के पास कुत्तों का एक झुंड नजर आया।

पुलिस ने बताया कि जांच करने पर टीम को एक व्यक्ति बेहोश पड़ा मिला, जिसके पेट और छाती पर चाकू के घाव थे। पुलिस ने बताया कि इस व्यक्ति की पहचान स्थानीय निवासी कृष्ण साहनी के रूप में हुई जिसे लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया तथा समय पर उपचार मिलने पर उसकी जान बच गई।

होश में आने पर साहनी ने पुलिस को बताया कि एक लड़के ने बीड़ी देने से इनकार करने पर उस पर हमला कर दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया,




गुस्से में आकर किशोर ने उस पर कई बार चाकू से वार किया और भागने से पहले उसे झाड़ियों में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी लड़के को संजय लेक गार्डन से गिरफ्तार किया, जहां वह सो रहा था। अधिकारी का कहना है कि लड़के के पास से कथित तौर पर अपराध में इस्तेमाल किया गया खून से सना चाकू मिला है। पूछताछ के दौरान, लड़के ने खुलासा किया कि उसने आठवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी और नशे का आदी है। अधिकारी ने कहा, घटना के समय वह गांजे के नशे में था। साहनी से बहस के बाद, वह अपने घर से चाकू लाया और जान से मारने के इरादे से उस पर हमला कर दिया।

## यौन उत्पीड़न के मामले में युवक दोषी करार

नई दिल्ली , (वीअ)। दिल्ली की एक अदालत ने 2015 में पांच साल की बच्ची के यौन उत्पीड़न से जुड़े मामले में एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष सभी बिंदुओं को जोड़कर आरोपी के अपराध को साबित करने के लिए घटनाओं की पूरी कड़ी स्थापित करने में सफल रहा। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश संदीप गुप्ता उस व्यक्ति से जुड़े मामले की सुनवाई कर रहे थे, जिसके खिलाफ अपहरण, महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने और गंभीर यौन उत्पीड़न के अपराध के लिए प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## श्रीमती विद्या देवी स्कूल के एक ब्रांच का उद्घाटन

नोएडा, (वीअ)। नोएडा के सेक्टर-40 में सखा एक पहल द्वारा संचालित श्रीमती विद्या देवी स्कूल फॉर क्रोशे एवं निटिंग की एक और ब्रांच का भव्य उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री मदन चौहान, इन्फोसिस के वरिष्ठ निदेशक श्री प्रभात डे, पैकर प्रोडक्ट के चेयरमैन अमित चौधरी, निट्रो कंपनी की प्रतिनिधि मीनल जैन, सखा एक पहल की अध्यक्षा विभा चुघ, युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष अविनाश सिंह और सलाहकार लोकेश चौहान ने किया।

यह केंद्र इन्फोसिस फाउंडेशन और युवा क्रांति सेना के सहयोग से स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को कौशल विकास, स्वरोजगार के अवसर और आर्थिक आत्मनिर्भरता की



दिशा में सशक्त बनाना है।

मुख्य अतिथि मदन चौहान ने कहा कि स्वदेशी अपनाना केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि भारत की आत्मनिर्भरता की मजबूत आधारशिला है। 'मेक इन इंडिया' और स्थानीय हस्तशिल्प को बढ़ावा देने से न केवल देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है, बल्कि भारतीय कारीगरों को अंतराष्ट्रीय पहचान भी मिलती है। प्रभात डे ने कहा कि इन्फोसिस फाउंडेशन सदैव उन पहलों का समर्थन करता है जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखती हैं। यह नया केंद्र महिलाओं को कौशल, आत्मविश्वास और नए अवसर देगा।

## शारदा मोटर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: डी–188, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज–I, नई दिल्ली–110020
फोन: +91–11–47334100,
CIN: L74899DL1986PLC023202
E-Mail: investorrelations@shardamotor.com, Website: www.shardamotor.com

30 सितम्बर, 2025 को समाप्त अवधि के लिए एकल वित्तीय परिणामों का विवरण
(सभी राशि रु. लाख में सिवाय अन्यथा वर्णित)

| क्र. सं. | विवरण | एकल | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त अवधि | | समाप्त वर्ष |
| | | 30.09.2025 (अलेखापरीक्षित) | 30.06.2025 (अलेखापरीक्षित) | 30.09.2024 (अलेखापरीक्षित) | 30.09.2025 (अलेखापरीक्षित) | 30.09.2024 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2025 (लेखापरीक्षित) |
| 1 | प्रचालनों से कुल राजस्व | 78,720.92 | 75,624.81 | 71,129.05 | 1,54,345.73 | 1,39,672.22 | 2,83,657.09 |
| 2 | अवधि/वर्ष के लिए निवल लाभ/(हानि) (कर, अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों से पूर्व) | 10,260.22 | 10,681.04 | 10,633.35 | 20,941.25 | 20,827.04 | 41,754.02 |
| 3 | अवधि/वर्ष के लिए निवल लाभ/(हानि) (कर पूर्व, अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों के बाद) | 10,260.22 | 12,921.96 | 10,633.35 | 23,182.17 | 20,827.04 | 41,754.02 |
| 4 | कर पश्चात अवधि/वर्ष के लिए निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों के बाद) | 7,359.27 | 9,910.27 | 7,892.88 | 17,449.52 | 15,524.55 | 31,249.05 |
| 5 | अवधि/वर्ष के लिए कुल व्यापक आय/(हानि) {कर पश्चात अवधि/वर्ष के लिए लाभ और कर पश्चात अन्य व्यापक आय शामिल} | 7,528.46 | 9,901.26 | 7,886.61 | 17,429.70 | 15,512.01 | 31,213.03 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रु. 2/– प्रत्येक) | 1,148.16 | 1,148.16 | 1,148.16 | 1148.16 | 1,148.16 | 1,148.16 |
| 7 | अर्जन (रु.) प्रति शेयर (रु. 2/– प्रत्येक) (वार्षिकीकृत नही) | | | | | | |
| | मूल | 13.13 | 17.27 | 13.74 | 30.40 | 26.60 | 53.99 |
| | तनुकृत | 13.13 | 17.27 | 13.74 | 30.40 | 26.60 | 53.99 |

नोट: 1. उपरोक्त एकल वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 और इसके अंतर्गत जारी संगत नियमों के तहत निर्धारित भारतीय लेखांकन मानक (''एंड एएस'') के गणना एवं मापक सिद्धांतों के अनुरूप तैयार किए गए हैं और यह सेबी (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अनुपालन में हैं।
2. उपरोक्त परिणाम सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दाखिल समाप्त तिमाही/वर्ष के लिए एकल वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। इन वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (यूआरएल www.nseindia.com & www.bseindia.com) और कंपनी की उपरोक्त वर्णित वेबसाइट पर उपलब्ध है।

कृते शारदा मोटर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के
निदेशक मंडल की ओर से
प्रबंध निदेशक

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 11 नवम्बर, 2025

## दांतों की सफाई का ध्यान रखना जरूरी: डॉ. राठी

वीर अर्जुन संवाददाता

बहादुरगढ़। बच्चों के दांतो की सफाई रखने पर भी ध्यान देना जरूरी होता है। अन्यथा बच्चों को दांतो में कोई बीमारी लग सकती है। उपरोक्त जानकारी देते हुए बहादुरगढ़ के उत्तम चेरीटेबल दांतो के अस्पताल के डॉक्टर चान्द राठी ने बताया कि कुछ बच्चे 8-10 साल के हो जाने के बाद भी ब्रश आदि नहीं करते जिसके कारण उन्हें दांतो की कोई बीमारी लग जाती है। इसलिए बच्चे को दांतो की सफाई के लिए ब्रश करना जरूरी है। माता-पिता को भी इस पर ध्यान देना चाहिए। डॉ. राठी ने धूम्रपान और गुटका करने वाले लोगों को भी आग्रह किया है कि वे भी सुबह और शाम ब्रश या मंजन जरूर करें। अन्यथा उनके भी दांतो में कोई बीमारी लग सकती है। अस्पताल की महिला डॉक्टर प्रतिभा रिहानी ने बताया कि बहुत सी महिलाएं भी अपने दांतो की सफाई पर ध्यान नहीं देती। जिसके कारण उनको भी कई बीमारियों का शिकार होना पड़ जाता है। डॉ. प्रतिभा ने बताया कि जब भी मौसम बदलता है तब भी दांतो में ठंडा गर्म लगता है झनझनाहट होने लगी है अगर ज्यादा परेशानी होती है तो दांतो के डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

**▶डॉ. राठी ने धूम्रपान और गुटका खाने वाले लोगों को भी आग्रह किया है कि वे भी सुबह और शाम ब्रश या मंजन जरूर करें**

## इंडियन नेशनल पार्टी ने संगठन की मजबूती और विस्तार के लिए कमर कसी



गुड़गांव, (प्राण शर्मा)। इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी ने संगठन की मजबूती और विस्तार के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में जिला अध्यक्ष रोहतास खटाना और शहर अध्यक्ष लोकेश दहिया ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और उन्हें समाज में लोगों से अधिक से अधिक जनसंपर्क करने और पार्टी की विचारधारा को लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। पार्टी कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्र में महीने में एक या दो बार जनसंपर्क बैठक आयोजित करने के लिए कहा गया।जिला अध्यक्ष रोहतास खटाना ने कहा कि पार्टी का मजबूत जनाधार और इतिहास है, जिसे जन सामान्य तक पहुंचाना है। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने और विस्तार करने के लिए एकजुट होने का संकल्प लिया।

## शारदा मोटर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: डी–188, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज–I, नई दिल्ली–110020
फोन: +91–11–47334100,
CIN: L74899DL1986PLC023202
E-Mail: investorrelations@shardamotor.com, Website: www.shardamotor.com

30 सितम्बर, 2025 को समाप्त अवधि के लिए समेकित वित्तीय परिणामों का विवरण
(सभी राशि रु. लाख में सिवाय अन्यथा वर्णित)

| क्र. सं. | विवरण | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौ माह | | समाप्त वर्ष |
| | | 30.09.2025 (अलेखापरीक्षित) | 30.06.2025 (अलेखापरीक्षित) | 30.09.2024 (अलेखापरीक्षित) | 30.09.2025 (अलेखापरीक्षित) | 30.09.2024 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2025 (लेखापरीक्षित) |
| 1 | प्रचालनों से कुल राजस्व | 78,720.92 | 75,624.81 | 71,129.05 | 1,54,345.73 | 1,39,672.22 | 2,83,657.09 |
| 2 | अवधि/वर्ष के लिए निवल लाभ/(हानि) (कर, अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों से पूर्व) | 10,259.86 | 10,680.70 | 10,633.35 | 20,940.55 | 20,827.04 | 41,748.96 |
| 3 | अवधि/वर्ष के लिए निवल लाभ/(हानि) (कर पूर्व, सहयोगी एवं संयुक्त उद्यम के लाभ/(हानि) के शेयर के पूर्व, अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों के बाद) | 10,259.86 | 12,921.62 | 10,633.35 | 23,181.47 | 20,827.04 | 41,748.96 |
| 4 | अवधि/वर्ष के लिए लाभ/(हानि) (कर पूर्व, सहयोगी एवं संयुक्त उद्यम के लाभ/(हानि) के शेयर के बाद) | 10,190.41 | 13,005.65 | 10,611.84 | 23,196.05 | 20,856.65 | 41,996.58 |
| 5 | कर पश्चात अवधि/वर्ष के लिए निवल लाभ/(हानि) | 7,469.45 | 9,993.96 | 7,871.37 | 17,463.40 | 15,554.16 | 31,491.61 |
| 6 | अवधि/वर्ष के लिए कुल व्यापक आय {कर पश्चात अवधि/वर्ष के लिए लाभ और कर पश्चात अन्य व्यापक आय शामिल} | 7,458.64 | 9,984.95 | 7,865.10 | 17,443.58 | 15,541.62 | 31,455.59 |
| 7 | | 1,148.16 | 1148.16 | 1148.16 | 1,148.16 | 1,148.16 | 1,148.16 |
| 8 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रु. 2/– प्रत्येक) | | | | | | |
| | अर्जन (रु.) प्रति शेयर (रु. 2/– प्रत्येक) (वार्षिकीकृत नही) | | | | | | |
| | मूल | 13.01 | 17.41 | 13.70 | 30.42 | 26.65 | 54.40 |
| | तनुकृत | 13.01 | 17.41 | 13.70 | 30.42 | 26.65 | 54.40 |

नोट: 1. उपरोक्त समेकित वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 और इसके अंतर्गत जारी संगत नियमों के तहत निर्धारित भारतीय लेखांकन मानक (''एंड एएस'') के गणना एवं मापक सिद्धांतों के अनुरूप तैयार किए गए हैं और यह सेबी (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अनुपालन में हैं।
2. उपरोक्त परिणाम सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दाखिल समाप्त अवधि/वर्ष के लिए समेकित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। इन वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (यूआरएल www.nseindia.com & www.bseindia.com) और कंपनी की उपरोक्त वर्णित वेबसाइट पर उपलब्ध है।

पूर्ण वित्तीय परिणामों के लिए स्कैन करें

कृते शारदा मोटर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के
निदेशक मंडल की ओर से
हस्ता./–
प्रबंध निदेशक

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 11 नवम्बर, 2025

**Proclamation Requiring Attendance of Defendant (Order 5, Rule 20 of the Code of Civil Procedure)**
**In The Court of Sh. Vinod Yadav, District Judge (Commercial Court)-02, North-West, Room No. 205, 2nd Floor, District Courts, Rohini, Delhi.**
**CS (Comm) No. 291/2024**
**Punjab National Bank ......Plaintiff**
**V/s**
**Ashwani Kumar .....Defendant**
**To,**
**Sh. Ashwani Kumar,** Prop. of M/s Ashwani Food and Suppliments S/o Sh. Surendra Kumar, R/o C-22, Rana Park, Sirashpur, Samaipur, Delhi-110042. Mob 8287021293
Whereas you, in view of the reports already received, cannot be served in ordinary way. It is hereby notified that if you shall not defend the case on the **16th of February, 2026** the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.
Given under my hand and the seal of the court on this **01st Day of November, 2025.**
**Seal Sd/-**
**District Judge (Commercial Court)-02, North-West District Courts, Rohini, Delhi.**

**In The Court of Sh. Bhupesh Kumar, District Judge (Commercial Court)-05, Room No. 22, 4th floor, Block-I, South East District, Saket Court Complex, New Delhi.**
**Notice for Publication (Order 5, Rule 20 of the CPC)**
**CS (Comm) No. 3776/2024**
**Shabbir Ahmad ......Plaintiff**
**V/s**
**Vivek Jain ....Defendants**
**To,**
**D-1: Vivek Jain** (Director/Owner of Ornate Collections Pvt. Ltd.) At-212, Sant Nagar, East of Kailash, New Delhi-110065.
Whereas Plaintiff has instituted that above Suit For Recovery against the defendants. You are hereby summoned to appear in this Court in person or by a pleader on the **20th day of November 2025, at 10:00 O' clock,** to answer the same, failing which the Suit will be disposed of ex-parte.
Given under my hand and the seal of the court, this **07th November, 2025.**
**Note:-** Defendant is informed to file WS within a period of 30 days from the date of receipt of summons with advance copy to the plaintiff and that filing of WS in commercial suit in 120 days period is mandatory and no extension can be granted.
**Seal Sd/-**
**District Judge (Commercial Court)-05, Block-I, South East District, Saket Court Complex, New Delhi.**

**Petition U/s 14 of Right of Person with disability Act-2016, Read with Rights of person with Disability Rules, 2017.**
**In The Court of Sh. Sidharth Mathur, District Judge-I, (North), Room No. 305, Third Floor, Rohini Courts, Delhi.**
**Case No. GP-18/2025.**
**Kavita .....(Petitioner)**
**Verses**
**Narendra And Ors. .....(Respondents)**
The Petitioner (s) above named having applied to be adoption/appointed the guardian of person and property of minor (s)/ Lunacy Kavita W/o Neer Singh D/o Late Sh. Prem Singh, R/o Khasra No.34/9, Gali No.15/16, Safiabad Road, Sanjay Colony, Narela, Delhi. Also At-Gali No.09, Safiabad Road, Narela, North West, Delhi-110040. The **14th day of January, 2026** have been fixed for hearing of the application and notice is hereby given to general public that if any other relatives/friends, kinsman or well-wisher of the aforesaid minor/desire to adopt be appointed/ declare as guardian of the person and property of the said minor/Lunacy of desire to oppose the application of the petitioner aforesaid, he/she should enter appearance in persons in this court on the aforesaid date to adduce on that day documentary or oral evidence which he may desire to adduce in support of his/her claim to such adoption, appointment or declaration of in support his/her opposition to the application of the petitioner aforesaid.
Given under my hand the seal of this court on this **30th day of October, 2025.**
**Seal Sd/-**
**District Judge-01, (North), Rohini Courts, Delhi.**

**In The Court of Ms. Sukhvinder Kaur, Principal District & Sessions Judge, North-East Room No. 2, IIIrd Floor, Karkardooma Courts, Delhi.**
**CS/141/2025**
**Nagma Nasreen**
**Vs.**
**Mohd. Yaseen**
**NDOH-18.11.2025**
**To,**
**1) Mst Haseen Begum** D/o Late Gulzar Ahmed
**2) Mst Naseem Begum** D/o Late Gulzar Ahmed
**3) Mufeed Ahmed** S/o late Moinuddin
**4) Rahima Begum** D/o Late Moinuddin
**5) Ms. Asma** D/o Late Moinuddin, **All Residents of:** House No. 974, Gali No. 12, Rajiv Gandhi Nagar, New Mustafabad Delhi-110084.
You are hereby required to appear before the court of Ms. Sukhvinder Kaur, Ld. Principal District & Sessions judge, North-East District, Karkardooma, Delhi on **18.11.2025** in above mentioned case.
Given under my hand and the seal of the Court this **25.10.2025.**
**Seal Sd/-**
**Principal District & Sessions Judge, North-East District, Karkardooma Courts, Delhi**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC/ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमजद पुत्र** बकरुद्दीन, **निवासी** एफ–25, पुस्ता–2, गली नं0–3, न्यू उस्मानपुर, दिल्ली, ने **FIR No. 567/2015, U/S 379/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दक्षिण–पूर्व जिला, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमजद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमजद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 567/2015, U/S 379/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दक्षिण–पूर्व जिला, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अमजद** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.12.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री दीपक वत्स**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,**
**दक्षिण–पूर्व जिला, कमरा संख्या 515,**
**साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/15078/SE/2025**
**(Court Matter)**

## उत्तर रेलवे

निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | **32-R1-SRDEE-G-DLI-2025-26** डी ई ई/जी–I/डी एल आई के क्षेत्र में स्थापित विद्युत परिसंपत्तियों की मरम्मत और रखरखाव (सेवा भवन और रेलवे क्वार्टर) के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु.20870674.00 |
| कार्यालय का पता | वरि. मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 254400.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 03.12.2025, 16:00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 03.12.2025 16:00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली |

3493/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

